अध्याय 11

माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइंट बेसिक्स


11. माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइंट का परिचय

11.1 माइक्रोसॉफ्ट पॉवरपॉइंट का परिचय

माइक्रोसॉफ्ट पॉवरपॉइंट 2010 एक प्रोग्राम है जो आपको आकर्षक व प्रभावी स्लाइड शो प्रेजेंटेशन बनाने में सक्षम बनाता है| पॉवरपॉइंट एप्लीकेशन ने ग्राफिक्स एवं फॉर्मेटिंग क्षमताओं का बिस्तार किया है जिससे इसके माध्यम से प्रेजेंटेशन में चित्र, विडियो, एनीमेशन, टेक्स्ट, चार्ट इत्यादि को समाहित कर आकर्षक स्लाइड शो बनाना आसन हो गया है| यह एक पावर टूल है जिससे डायनामिक प्रेसेंटेशन बनाये जाते है जिसमें वीडियो , इमेजेज और नोट्स शामिल है।

पॉवर पॉइंट एपलीकेशन प्रारंभ करना|

जब आप पॉवर पॉइंट प्रारंभ करते हैं तो यह स्वतः ही नार्मल व्यू में खुलता है, जिस पर आप स्लाइड बना सकते है और उन पर कार्य कर सकते है। GUI के प्रमुख घटकों के अतिरिक्त ऑफिस एपलीकेशन के सामान्य कॉम्पोनेन्ट निम्न हैं जो लिस्ट में वर्णित है:-



चित्र 11.1: - पॉवर पॉइंट 2010 GUI

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

पॉवर पॉइंट में एक नये प्रेजेंटेशन के लिए स्वतः ही ब्लांक प्रेजेंटेशन खुलता है जो उपरोक्त चित्र में दर्शाया गया है| जब आप पहली बार पॉवर पॉइंट में कार्य करना शुरू करते हैं तो ब्लांक प्रेजेंटेशन एक सही टेम्पलेट है क्योंकि यह सरल है और बहुत अधिक प्रेजेंटेशन के प्रकार के लिये अनुकूल है।

1 स्लाइड बॉडी में आप सीधे स्लाइड पर कार्य कर सकते है।

2 डॉटेड बोर्डेर प्लेसहोल्डर(placeholder) को चिन्हित करता है जहाँ आप टेक्स्ट टाइप कर सकते हैं,पिक्चर. चार्ट एवं अन्य ऑब्जेक्ट को इन्सर्ट कर सकते हैं|


3 स्लाइड /आउटलाइन टैब फुल साइज़ स्लाइड का थंबनेल (thumbnel) वर्जन दिखाता है| दूसरी स्लाइड को जोड़ने के बाद स्लाइड /आउटलाइन टैब में थंबनेल पर क्लिक कर सकते है जिससे वह स्लाइड , स्लाइड /आउटलाइन टैब में दिखाई देगी। आप को अपने प्रेजेंटेशन को रि-अरेंज करने के लिये थंबनेल को ड्रैग कर स्लाइड व्यवस्थित कर सकते है। आप स्लाइड /आउटलाइन टैब में स्लाइड को जोड़ व हटा सकते हैं।|

4 सबसे निचे नोट पैन में आप वर्तमान स्लाइड के बारे में नोट लिख सकते है। आप अपने नोट्स अपनी ऑडियंस (audience) को हैण्डस आउट के रूप में दे सकते हैं तथा अपने प्रेजेंटेशन के समय आप इसका उपयोग कर सकते हैं|

यदि आप पॉवर पॉइंट से बाहर आना चाहते हैं तो सबसे ऊपर के दाहिने ओर X क्लिक करें||

बैकस्टेज व्यू / फाइल टैब

पॉवर पॉइंट 2010 में फाइल मैन्यु को बैकस्टेज व्यू भी कहते हैं | आप इसमें कई प्रोग्राम आप्शन जैसे ओपन, सेव, प्रिंट एंड इन्फो इत्यादि तथा फाइल मैनेज कर सकते हैं| बायें तरफ का मेन्यु पॉवर पॉइंट के हिडन फीचर का एक्सेस देता है तथा प्रेजेंटेर की मदद करता है| सामान्यतः बैकस्टेज व्यू वर्तमान प्रेजेंटेशन के बारे में जानकारी देता है| बैकस्टेज आप्शन निम्न हैं:-



चित्र 11.2: - पॉवर पॉइंट 2010 बैकस्टेज व्यू


© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

विकल्प	विवरण
सेव	किसी अनसेव डॉक्यूमेंट को सेव करने का अवसर प्रदान करता है
सेव एज	यह आप्शन डॉक्यूमेंट को अलग नाम से संचित करने का अवसर प्रदान करता है
ओपन	पहले से सेव किये हुए प्रेजेंटेशन को एक्सेस करने की सुबिधा प्रदान करता
क्लोज	वर्तमान में खुले हुए प्रेजेंटेशन को बन्द करने एवं बाहर आने की सुविधा देता है।
रिसेंट	हाल ही में खोली गयी फाइलों को दुबारा खोलने का अवसर देता है|
नया	यह बटन नया प्रेजेंटेशन बनाने के काम आता है
प्रिंट	प्रेजेंटेशन को प्रिंट करने की सुविधा देता है| यह बटन प्रिंट प्रीव्यू एवं प्रिंट सेटिंग का अवसर भी देता है|
आप्शनस	पॉवर पॉइंट में काम करने का सामान्य विकल्प|
एग्जिट	पॉवर पॉइंट एप्लीकेशन से बाहर आने के लिये।

टेबल 11.1 बैकस्टेज व्यू विकल्प

नया प्रेजेंटेशन बनाना

फाइल टैब पर क्लिक करें उसके बाद न्यू पर क्लिक करें\| मध्य पैन से आप उपलब्ध थीम तथा टेम्पलेट का चुनाव कर सकते हैं\| आप निम्न में से कोई एक कार्य कर सकते हैं:



चित्र 11.3: - नयी प्रेजेंटेशनके विकल्प

- रिक्त प्रेजेंटेशन पर क्लिक करें और फिर क्रियेट (create) करें\|
- हाल ही में बनाये गए टेम्पलेट को दुबारा यूज़ करने के लिए रिसेंट टेम्पलेट (Recent Templates) पर क्लिक करें\| उनमे से टेम्पलेट को चुने फिर क्रिएट पर क्लिक करें\|
- पॉवर पॉइंट में पहले से उपलब्ध टेम्पलेट को इस्तेमाल करने के लिए सैंपल टेम्पलेट पर क्लिक करें फिर उनमे से टेम्पलेट का चुनाव करें और क्रिएट पर क्लिक करें\|जब आप टेम्पलेट में से प्रेजेंटेशन का चुनाव करते हैं तो उसमें पहले से विभिन्न प्रकार के डिजाईन तथा कंटेंट उपलब्ध रहता है जिसे हम थीम (Theme) भी कहते हैं\|
- आपके कम्प्यूटर पर उपलब्ध सैंपल थीम की लिस्ट देखने के लिये "Themes" पर क्लिक करें। एक थीम से

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

प्रेजेंटेशन तैयार करना ठीक उसी प्रकार से है जैसे एक टेम्पलेट से प्रेजेंटेशन तैयार करना| थीम से बनाये गए नये प्रेजेंटेशन में पहले से उपलब्ध कंटेंट नहीं होते है।

- माय टेम्पलेट(My Template) में मौजूद टेम्पलेट से अपना प्रेजेंटेशन बनाने के लिये माय टेम्पलेट पर क्लिक करें। एक अलग से डायलॉग बॉक्स खुलेगा, उसमें से टेम्पलेट को चुनकर ओके पर क्लिक करें।
- पहले से तैयार प्रेजेंटेशन से एक नयी प्रेजेंटेशन बनाने के लिये New from Existing पर डबल क्लिक करें। इस आप्शन का उपयोग तभी करें जब आप पहले से बनी हुई प्रेजेंटेशन के समान ही कोई प्रेजेंटेशन बनाना चाहते हो।
- ऑफिस डॉट कॉम से टेम्पलेट प्राप्त करने के लिय टेम्पलेट केटेगरी पर क्लिक करें अपना मनपसंद टेम्पलेट का चुनाव करें फिर डाउनलोड करें|

प्रेजेंटेशन बंद करना|

पॉवर पॉइंट से बाहर आये बिना आप फाइल को बंद नहीं कर सकते है। यदि बिना फाइल को बंद किये आप पॉवर पॉइंट से बाहर आते हैं तो पॉवर पॉइंट अपने आप फाइल को बन्द कर देता है। यदि आपने फाइल में कुछ बदलाव किये हैं तो पॉवर पॉइंट आपको फाइल सेव करने का अवसर देता है। सेव बटन पर क्लिक करके आप फाइल को बंद करने से पहले सेव कर सकते है।

जब आप सभी खुले हुए प्रेजेंटेशन को बंद करते हैं तो आप देखेंगे कि ज्यादातर कमांड ग्रे कलर या निष्क्रिय हो जाता है जब आप वापस से कोई प्रेजेंटेशन खोलेंगे नया प्रेजेंटेशन क्रिएट करेंगे तो बापस से सक्रीय हो जाता है|


फाइल बंद करने के अलग अलग तरीके:-

- फाइल टैब पर क्लिक करें और क्लोज आप्शन सेलेक्ट करें|
- पॉवर पॉइंट के शीर्ष पर दाहिने छोर में उपलब्ध क्लोज आप्शन पर क्लिक कर सकते हैं|
- शोर्टकट Keys (Ctrl+W) का उपयोग करें|

फाइल क्लोज करने के पहले यदि आपने कोई बदलाव किया है तो यह आपको सेव करने के लिए पूछेगा|

प्रेजेंटेशन प्रारम्भ करना|


- फाइल टैब पर क्लिक करें और ओपन सेलेक्ट करें
- ओपन डायलॉग बॉक्स के बांये पैन में उस ड्राइव या फोल्डर पर क्लिक करें जहाँ पर आपका प्रेजेंटेशन है



चित्र 11.4: - प्रेजेंटेशन को बंद करना

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

- ओपन डायलॉग बॉक्स के दाहिने पैन में फोल्डर को ओपन करें
- प्रेजेंटेशन पर क्लिक करें और फिर ओपन पर क्लिक करें



चित्र 11.5: - ओपन डायलाग बॉक्स

उपयोगी जानकारी

टिप - डिफ़ॉल्ट रूप से, ओपन डायलाग बॉक्स में केवल पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिखाई देती है। दूसरी तरह की फाइल्स देखने के लिये आल पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन पर क्लिक करे, और जिस टाइप की फाइल आप देखना चाहते है, उसे सेलेक्ट करें।

प्रेजेंटेशन को नामित करना तथा सेव करना

- किसी भी सॉफ्टवेयर प्रोग्राम के साथ कार्य करते हुए यह ध्यान रखना चाहिये कि आप बदलाव करने के साथ-साथ अपने डॉक्यूमेंट/प्रेजेंटेशन को सेव करते रहें।
- फाइल टैब File पर क्लिक करें, सेव एज पर जायें और क्लिक करें।
- एक प्रेजेंटेशन जो केवल पॉवर पॉइंट 2010 में खोली जा सकती है, उसके लिये पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन पर क्लिक करें।
- एक प्रेजेंटेशन जो केवल पॉवर पॉइंट 2010 में या उससे पहले के पॉवर पॉइंट वर्शन (version) में खोली जा सकती है, उसके लिये पॉवर पॉइंट 97-2003 प्रेजेंटेशन पर क्लिक करें।



चित्र 11.6: - फाइल सेव मेन्यु

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

- सेव एज डायलॉग बॉक्स में सेव इन ड्राप डाउन मेन्यु में फोल्डर या अन्य कोई लोकेशन जहॉ आप अपना प्रेजेंटेशन सेव करना चाहते है, उसे सेलेक्ट करें।

- फाइल नाम बॉक्स में डिफ़ॉल्ट नेम को स्वीकार करें या अपने प्रेजेंटेशन को एक नाम दें| सेव एज टाइप बॉक्स में फाइल टाइप (डिफ़ॉल्ट .PPTX है) सेलेक्ट करें और फिर सेव पर क्लिक करें।



चित्र 11.7: - सेव एज डायलाग बॉक्स

- किसी भी समय अपने **प्रेजेंटेशन** को **सेव** करने के लिये शॉर्टकट की Ctrl+S को **प्रेस** करें या स्क्रीन के टॉप पर इमेज पर **क्लिक** करें।

- पॉवर पॉइंट 2010 में फाइल नेम के बाद .pptx विशेष एक्सटेंशन जुड़ जाता है।

त्वरित समीक्षा


- स्लाइडस / आउटलाइन टैब की क्या उपयोगिता है ?
- जब आप पॉवर पॉइंट एप्लीकेशन बंद करते हैं तो क्या होता है?

11.2 टेम्पलेट, विज़ार्ड व ब्लांक स्लाइड से नयी स्लाइड बनाना

अपनी प्रेजेंटेशन में एक नई स्लाइड जोड़ने के लिये निम्न से एक कार्य करें-

- होम टैब पर क्लिक कर, स्लाइड ग्रुप में न्यू स्लाइड के नीचे एरो पर क्लिक करें। उसके बाद जो स्लाइड लेआउट आप चाहते है, उस पर क्लिक करें।

- **डुप्लीकेट सिलेक्टेड स्लाइड** -जिन स्लाइड का डुप्लीकेट करना चाहते है उनको सेलेक्ट करें। रिबन पर होम टैब को



चित्र: 11.8 - स्लाइड्स ऐड करने के विकल्प

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

ओपन करें। स्लाइड ग्रुप में एड स्लाइड बटन के नीचे एरो पर क्लिक करें। डुप्लीकेट सिलेक्टेड स्लाइड्स बटन को चुने। आपके प्रेजेंटेशन में स्लाइड का डुप्लीकेट इन्सर्ट हो जायेगा।

- **आउटलाइन से स्लाइड्स -** पावर पॉइंट आपको दुसरे एप्लीकेशन जैसे वर्ड डॉक्यूमेंट, टेक्स्ट फाइल, रिच टेक्स्ट फाइल से आउटलाइन इम्पोर्ट करने कि सुबिधा प्रदान करता है| यह आपकी इच्छानुसार उपर्युक्त संख्या में स्लाइड्स इन्सर्ट करता है एवं सोर्स फोर्मेटिंग को वैसी ही रखता है। यह विशेश रूप से पहले से बने रिपोर्ट और आउटलाइन डॉक्यूमेंट पर प्रेजेंटेशन तैयार करने में उपयोगी है।

- **स्लाइड्स को दुबारा इस्तेमाल करना** - बहुत बार यूजर पहले से सेव्ड प्रेजेंटेशन सें स्लाइड्स को कॉपी करके या उन्हीं स्लाइड्स को दुबारा से इस्तेमाल करके अपना कीमती समय बचा सकते हैं| पावर पॉइंट 2010 यूजर को दूसरी प्रेजेंटेशन से स्लाइड्स को कॉपी करने तथा सोर्स (source) फोर्मेटिंग को रखने या हटाने की सहुलियत भी देता है|

नये प्रेजेंटेशन में कर्सर के पोजीशन पर नया स्लाइड जुड़ जाता है या वर्तमान सिलेक्टेड स्लाइड के बाद|

स्लाइड को डिलीट करना

प्रेजेंटेशन में स्लाइडको डिलीट करने के लिये निम्न में से कोई एक कार्य करें।

- सबसे पहले आप जिस स्लाइड को डिलीट करना चाहते हैं उसका चयन कर रिबन के होम टैब में स्लाइड ग्रुप में डिलीट बटन क्लिक करें

- एक स्लाइड को डिलीट करने का दूसरा तरीका यह हो सकता है कि आप स्लाइड के प्रारूप को क्लिक करें | प्री-व्यू पेन (स्क्रीन के बायीं ओर) में जाकर डिलीट या बैकस्पेस बटन पर क्लिक करें|

उपयोगी जानकारी

टिप - यदि आपने गलती से कोई स्लाइड डिलीट कर दी है तब केवल(Ctrl+Z) प्रेस कीजिये या स्लाइड को रिस्टोर करने के लिये अनडू बटन क्लिक करें।

त्वरित समीक्षा

- प्राय: कौन –कौन से फाइल फॉर्मेट आउटलाइन इम्पोर्ट करते समय प्रेजेंटेशन में स्वीकार किय जाते जाते हैं?
- एक ड्राफ्ट प्रेजेंटेशन तैयार करने का सबसे सरल तरीका क्या है?

11.3 इन्सर्ट मेन्यु



चित्र 11.9: - इन्सर्ट टैब

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

11.3.1 स्मार्ट आर्ट ग्राफ़िक्स (SmartArt Graphics)

स्मार्ट आर्ट ग्राफ़िक आपके सुचना को चित्र के माध्यम से दर्शाने में सक्षम बनाता है| आप स्मार्ट आर्ट फीचर का इस्तेमाल कर पहले ग्राफ़िक का चयन कर इन्सर्ट करें फिर उसमें टेक्स्ट डालें|

- सबसे पहले प्लेसहोल्डर पर क्लिक करें जिसमें आप स्मार्ट ग्राफ़िक जोड़ना चाहते हैं| यदि आप कोई प्लेसहोल्डर सेलेक्ट नहीं करते हैं या प्लेसहोल्डर जिसमें कोई चित्र न हो तो स्मार्ट आर्ट ग्राफ़िक स्लाइड के मध्य में इन्सर्ट हो जाता है



चित्र 11.10: - इलस्ट्रेशन ग्रुप

- इन्सर्ट टैब पर, इलस्ट्रेशन ग्रुप में स्मार्ट आर्ट पर क्लिक करें|


चित्र 11.11: स्मार्ट आर्ट क्रिएट डायलाग बॉक्स

- चूज स्मार्ट आर्ट ग्राफ़िक डायलॉग बॉक्स जो बायें पेन में मौजूद है, अपनी पसन्द के स्मार्ट आर्ट ग्राफ़िक्स पर क्लिक करें|

- मध्य पेन पर अपने इच्छा अनुसार लेआउट का चुनाव कर ओके पर क्लिक करें|

- किसी भी लेआउट का प्रीव्यू देखने के लिये उस लेआउट पर क्लिक करें| दाहिने पेन में इसका प्री-व्यू दिखाई देगा|

उपयोगी जानकारी

टिप - अपनी प्रेजेंटेशन में साउंड को ऐड करने से पहले साउंड को कॉपी करके उसी (समान) फोल्डर में सेव कर लें जिससे कि साउंड लिंक के साथ किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो|

11.3.2 साउंड

- पैन जिसमें आउटलाइन और स्लाइड टैब मौजूद है, स्लाइड्स टैब क्लिक करें|

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

- उस स्लाइड पर क्लिक करें जिसमें आप साउंड एड करना चाहते है।

- इन्सर्ट टैब पर मिडिया क्लिप्स ग्रुप में साउंड के नीचे के एरो को क्लिक करें।



चित्र 11.12: - मीडिया कण्ट्रोल ग्रुप

- निम्न में से कोई एक आप्शन चुन सकते हैं-

  - फाइल से साउंड पर क्लिक करें, उस फोल्डर को लोकेट करें जहाँ फाइल है ,फिर आप उस फाइल पर डबल क्लिक करें जो आप जोड़ना चाहते हैं या

  - क्लिप आर्गेनाइजर से साउंड पर क्लिक करें, क्लिप आर्ट टास्क पेन से क्लिप ढूढने के लिए स्क्रोल करें फिर स्लाइड में जोड़ने के लिए क्लिक करें|

- अपनी प्रेजेंटेशन में क्लिप को एड करने से पहले आप उस क्लिप का प्री-व्यू देख सकते है। क्लिप आर्ट टास्क पेन में, रिजल्ट बॉक्स में जो उपलब्ध क्लिप्स हैं उनको दर्शाता है| माउस पॉइंटर को क्लिप की थंबनेल के ऊपर मूव करें, दिखाई देने वाले एरो पर क्लिक करें और फिर प्रीव्यू/प्रॉपर्टीज पर क्लिक करें।

- जब आप साउंड को इन्सर्ट करते है, तो आपको एक मेसेज दिखता है जो पूछता है कि आप साउंड को कैसे स्टार्ट करना चाहते है, स्वतः या तब जब आप साउंड आइकन पर क्लिक करेंगे||



चित्र 11.13: - साउंड आप्शन सेट करना

- साउंड को स्वतः स्टार्ट करने के लिये, स्वतः पर क्लिक करें। जब तक स्लाइड पर कोई दूसरा मिडिया इफ़ेक्ट नहीं आता है तब तक स्लाइड शो के दौरान साउंड स्वतः प्ले होती है। यदि स्लाइड पर कोई दूसरे इफ़ेक्ट्स जैसे एनीमेशन , इत्यादि होते है तो उन इफ़ेक्ट के बाद साउंड प्ले होता है।

- स्वयं से साउंड स्टार्ट करने के लिए स्लाइड पर क्लीक करें, व्हेन क्लिकड (When Clicked) पर क्लिक करें|

- मल्टीप्ल साउंड्स एक दुसरे के ऊपर एड किये जाते हैं और यह उसी क्रम में बजता है जिस क्रम यह लगाया गया है | यदि आप चाहते हैं कि साउंड आपके क्लिक करने के बाद स्टार्ट हो, इन्सर्ट करने के बाद साउंड आइकॉन को ड्रैग करें|

- आप एक ही साउंड को लगातार एक पूरी स्लाइड के दौरान और बहुत सारी स्लाइड्स पर भी प्ले कर सकते है।

  - एक साउंड को लगातार एक ही स्लाइड पर प्ले करने के लिय साउंड आइकॉन  पर क्लिक करें

  - आप्शन टैब पर साउंड आप्शन ग्रुप में साउंड टूल्स के अन्दर Loop Until Stopped चेक बॉक्स को सेलेक्ट करें।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL



चित्र 11.14: - प्लेबैक विकल्प

- जब आप एक साउंड को लूप करते हैं तो यह लगातार तब तक प्ले होता है तब तक कि आप अगले स्लाइड पर नहीं जाते है।

11.3.3 हाइपरलिंक

आप हाइपरलिंक इस्तेमाल कर एक स्लाइड से दुसरे स्लाइड पर जा सकते हैं, नेटवर्क या इन्टरनेट के लिये तथा दूसरी फाइल या दूसरे प्रोग्राम के लिए हाइपरलिंक का उपयोग कर सकते है।

- उस टेक्स्ट को सेलेक्ट करें जहाँ आप हाइपरलिंक एक्टिवेट करना चाहते हैं या आप किसी ऑब्जेक्ट (जैसे क्लिप आर्ट, या स्मार्ट आर्ट ग्राफ़िक) | को सलेक्ट करें
- इन्सर्ट हाइपरलिंक डायलॉग बॉक्स में उचित बटन पर अपने लिंक के टारगेट के लिए माय प्लेसस ("My Places") बॉक्स मे उचित बटन पर क्लिक करें।
- अपने प्रेजेंटेशन में दूसरी स्लाइड पर जाने के लिए प्लेस इन दिस डॉक्यूमेंट ("Place in this document") पर क्लिक करें।
- टारगेट लोकेशन को ढूंडे जरुरी बदलाव कर ओके पर क्लिक करें|

त्वरित समीक्षा

- दो ऐसे तरीके बतायें जिससे आप किसी स्लाइड में स्मार्ट आर्ट जोड़ सकते हैं?
- इन्सेर्टिंग हाइपरलिंक और बुकमार्क में क्या अंतर है?

11.4 डिजाईन मेन्यु



चित्र 11.15: - डिजाईन टैब


डिजाईन टैब में निम्नलिखित मुख्य कमांड ग्रुप होते हैं|:-

पेज सेटअप : इस ग्रुप की मदद से यूजर पेज ओरिएंटेशन बदल सकता है तथा पेज सेटअप के लिए अलग अलग पैरामीटर

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

सेट कर सकता है|

थीम्स : इस ग्रुप के अन्दर प्रेजेंटेशन में तुरन्त उपयोग के लिए पहले से उपलब्ध अनेक प्रकार के थीम्स रहते हैं|यूजर अपनी जरुरत और इच्छा के अनुसार थीम्स को बदल और अपडेट कर सकता है।




चित्र 11.16: - पेज सेटअप विकल्प

बैकग्राउंड: इस आप्शन का उपयोग करते हुए यूजर बैकग्राउंड कलर और पिक्चर सेट कर सकता है।

11.4.1 थीम्स

पॉवर पॉइंट 2010 अनेकों प्रकार के डिजाईन थीम्स उपलब्ध कराता है जिसका उपयोग कर एक प्रेजेंटेशन को सरल तरीके से आकर्षक बनाया जा सकता है| थीम एक डिजाईन एलिमेंट का सेट है जिसमें अलग अलग रंग, फॉण्ट एवं इफ़ेक्ट समाहित कर बनाया गया है| पॉवर पॉइंट 2010 में स्वतः ही ऑफिस थीम ब्लेंक प्रेजेंटेशन में अप्लाई हो जाता है| आप इसके लुक को कभी भी अलग थीम अप्लाई कर बदल सकते हैं|



चित्र 11.17: - थीम का उपयोग करना

- थीम ग्रुप में डिजाईन टैब पर डॉक्यूमेंट थीम पर क्लिक कर अप्लाई कर सकते हैं|
- थीम का प्री-व्यू देखने के लिए पॉइंटर को थंबनेल पर सेट करें|
- अतिरिक्त थीम को देखने के लिए थंबनेल रो के अगले एरो पर क्लिक करें।
- यदि आप निर्देशित नहीं करते हैं तो पॉवर पॉइंट, थीम को पुरे प्रेजेंटेशन पर अप्लाई कर देगा | एक विशेष स्लाइड के अपिएरेंस को बदलने के लिए स्लाइड टैब पर CTRL को दबाकर रखें तथा उन सभी स्लाइड्स पर क्लिक करें जिसे आप बदलना चाहते हैं |जब सभी स्लाइड सेलेक्ट हो जायें तो उस थीम पर दायाँ क्लिक करें जैसा स्लाइड आप चाहते हैं तथा शॉर्टकट मेन्यु में से अप्लाई टू सिलेक्टेड स्लाइड पर क्लिक करें|



चित्र 11.18: - थीम गैलरी

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

त्वरित समीक्षा

- स्टैण्डर्ड थीम में अलग अलग तत्व क्या हैं?
- पेज सेटअप ग्रुप का उदेश्य क्या है?


11.5 प्रेजेंटेशन का बैकग्राउंड बदलना

बैकग्राउंड स्टाइल थीम कलर स्कीम से चयन किया गया बैकग्राउंड कलर और बैकग्राउंड फिल इफ़ेक्ट का मिश्रण है| आप अपने स्लाइड के पीछे पिक्चर या क्लिप आर्ट इन्सर्ट कर सकते हैं इसके साथ साथ आप अपने स्लाइड का बैकग्राउंड कलर भी डाल सकते हैं|. अपनी पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन में एक पिक्चर/चित्र का बैकग्राउंड लगा कर आप इसे अनुपम रूप दे सकते है|

कलर स्कीम के अंतर्गत बैकग्राउंड कलर हेतु चार प्रकार के कलर स्कीम समाहित किये गये हैं जिनमे दो हलके रंग हैं तथा दो गहरे रंग हैं| इसमें आप तीन फिल इफ़ेक्ट भी सेलेक्ट कर सकते हैं जिनमे सबत्ल, मॉडरेट और इंटेंस हैं|

11.5.1 पिक्चर को स्लाइड बैकग्राउंड के तरह इस्तेमाल करना|

- जिस स्लाइड के बैकग्राउंड के लिय पिक्चर एड करना है उसे सेलेक्ट करें|
- बैकग्राउंड ग्रुप में, डिजाईन टैब पर बैकग्राउंड स्टाइल पर क्लिक करें फिर फॉर्मेट बैकग्राउंड पर क्लिक करें|
- क्लिक **Fill**, और उसके पश्चात् **Picture or texture fill** पर क्लिक करें .



चित्र 11.19: - फॉर्मेट बैकग्राउंड डायलाग बॉक्स

आप निम्न में से कोई एक आप्शन का चयन कर सकते हैं:

- फाइल से एक पिक्चर इन्सर्ट करने के लिए , फाइल पर क्लिक करें, लोकेट कर पिक्चर पर डबल क्लिक करें|
- क्लिपबोर्ड से कॉपी की गयी पिक्चर को पेस्ट कर सकते हैं|
- बैकग्राउंड के रूप में क्लिप आर्ट का उपयोग करने के लिए क्लिप आर्ट पर क्लिक करें और सर्च टेक्स्ट बॉक्स में एक वर्ड या फ्रेज जो क्लिप आप चाहते हैं उसके बारे में कुछ टाइप करें|

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

उपयोगी जानकारी

टिप - पिक्चर की लाइटनेस ओर पारदर्शिता को एडजस्ट करने के लिए या उसकी डार्कनेस या लाइटनेस (contrast) के अंतर को एडजस्ट करने के लिए फॉर्मेट बैकग्राउंड डायलॉग बॉक्स , मे Fill Pane के बटन पर Transparency Bar को बांयी या दांयी और स्लाइड करें।

आप निम्न में से कोई एक विकल्प को चुने

- पिक्चर जो आपके द्वारा बैकग्राउंड स्लाइड के लिए चुना गया है उसको बंद कर दें|
- पिक्चर को पुरे प्रेजेंटेशन के स्लाइड में डालने के लिए अप्लाई टू आल पर क्लिक करें|

1.4.2 स्लाइड बैकग्राउंड के रूप में कलर का इस्तेमाल

- जिस स्लाइड पर बैकग्राउंड कलर एड करना चाहते हैं। उसे सलेक्ट करे (मल्टीप्ल स्लाइड्स को सेलेक्ट करने के लिए एक स्लाइडपर क्लिक करें और फिर CTRL Key को दबाये रखते हुए दूसरी स्लाइड्स पर क्लिक करें)



चित्र 11.20: - सॉलिड फिल का उपयोग

- डिजाईन टैब पर बैकग्राउंड में क्लिक करें और फिर फॉर्मेट बैकग्राउंड पर क्लिक करें
- Fill पर क्लिक कर solid Fill पर क्लिक करें
- कलर पर क्लिक करे और फिर जो कलर चाहते हो उस पर क्लिक करें। जो कलर थीम में नहीं है उस कलर को चेंज करने के लिए मोर कलर पर क्लिक और स्टैण्डर्ड टैब पर जो कलर चाहते हैं उस कलर पर क्लिक करें या कस्टम टैब पर अपने स्वंय के कलर को मिक्स करें। कस्टम कलर और स्टैण्डर्ड टैब पर कलर अपडेट नहीं होते है यदि बाद में आप कभी डॉक्यूमेंट थीम को चेंज करते है।
- बैकग्राउंड ट्रांसपीरेसी को बदलने के लिये, ट्रांसपीरेसी स्लाइडर को मूव करें। आप ट्रांसपीरेसी परसेंटेज को 0% (पूर्ण अपारदर्शी, डिफ़ॉल्ट सेटिंग है) से 100% (पूर्ण पारदर्शी) में बदल सकते है।



चित्र 11.21: - ट्रांसपेरेंसी स्लाइडर

आप निम्न में से कोई एक विकल्प को चुनें

- अपने सेलेक्टटेड कलर को स्लाइड्स पर अप्लाई करने के लिये क्लोज बटन पर क्लिक करें।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

- आपकी प्रेजेंटेशन में सभी स्लाइड्स पर कलर अप्लाई करने के लिये अप्लाई टू आल पर क्लिक करें।
- अपनी प्रेजेंटेशन के लिये कोई एक थीम के बैकग्राउंड स्टाइल को अप्लाई करने के लिये डिजाईन टैब पर, बैकग्राउंड में बैकग्राउंड स्टाइल कण्ट्रोल का प्रयोग करें।

11.5.3 ग्रेडिएंट फिल का स्लाइड बैकग्राउंड की तरह इस्तेमाल करना |

कई पावर पॉइंट टेम्पलेट में इस्तेमाल की गई स्लाइड बैकग्राउंड में सॉलिड कलर नहीं होता है, इसके बजाय कलर टॉप से बॉटम की तरफ धीरे धीरे हल्का होता है | इस प्रकार की शेडिंग (ग्रेडिएंट फिल) एक रोचक विजुअल इफ़ेक्ट बनाती है आप अपनी स्वंय की कस्टम ग्रेडिएंट फिल क्रिएट कर सकते है इसके लिये निम्न स्टेप्स को फॉलो करें।

- उस स्लाइड को चुने जिसे आप शेड करना चाहते है। यह स्टेप आवश्यक नहीं है जब आप प्रेजेंटेशन में सभी स्लाइड्स के लिये शेडिंग को अप्लाई करना चाहते है।
- रिबन पर डिजाईन टैब के बैकग्राउंड ग्रुप में बैकग्राउंड स्टाइल्स बटन पर क्लिक करेंगे तो बैकग्राउंड स्टाइल गैलरी आप के सामने प्रदर्शित होगी।
- फॉर्मेट बैकग्राउंड पर क्लिक करें।
- यदि यहा फिल आप्शन पहले से सेलेक्ट नही है तब फिल आप्शन को सेलेक्ट करें।
- ग्रेडिएंट फिल रेश्यो (Gradient Fill Radio) बटन को सेलेक्ट करें यदि यह पहले से सेलेक्ट नही हैं।
- ग्रेडिएंट फिल आप्शन (Gradient Fill option) को अपनी इच्छानुसार सेट करें।
- ओके पर क्लिक करें।

उपयोगी जानकारी


टिप - जब तक आपको कण्ट्रोल के सभी फंक्शन ठीक तरह से नही आ जाते तब तक आप उनके साथ अभ्यास करते रहें। स्टार्ट करने के लिए प्रेजेंट कलर को सेलेक्ट करें जो आपको कई पूर्व परिभाषित फिल पैटर्न का चयन करने की अनुमति देगा। आप कलर का चुनाव फिल, ट्रांस्परंसी लेवल, द डायरेक्शन, और कई तरह के option के लिये उपयोग कर सकते हैं।

11.5.4 अन्य बैकग्राउंड इफ़ेक्ट का स्लाइड बैकग्राउंड की तरह उपयोग करना

आप बैकग्राउंड के कई अन्य रोचक प्रकारों को निर्मित करने के लिये फॉर्मेट बैकग्राउंड डायलाग बॉक्स का उपयोग कर सकते हैं। पावर पॉइंट के साथ दिए गये कई पूर्व परिभाषित पैटर्न का उपयोग कर सकते हैं।

टेक्सचर का उपयोग करने के लिये पिक्चर या "टेक्सचर फिल" रेडियो बटन पर क्लिक करें। फिर टेक्सचर गैलरी को ओपन करने के लिए टेक्सचर बटन पर क्लिक करे।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL



चित्र 11.22: - टेक्सचर अप्लाई करना


इस डायलॉग बॉक्स पर बचे हुए कंट्रोल्स आपको आप द्वारा सेलेक्ट की हुई पिक्चर या टेक्स्ट के अपीयरेंस को ट्वीक (Tweak) करने के लिए हैं.

त्वरित समीक्षा

- एक स्लाइड बैकग्राउंड को बदलने के लिये उपयोग में लिए गए विभिन्न ऑप्शन्स का नाम क्या हैं ?
- टेक्सचर फिल और पैटर्न फिल ऑप्शन्स के बीच क्या अंतर हैं ?
- फॉर्मेट बैकग्राउंड डायलाग बॉक्स में ट्रांसपेरेंसी स्लाइडर आप्शन का क्या उपयोग हैं ?


11.6 ट्रांजीशन टैब

स्लाइड शो के दौरान एक स्लाइड से दूसरी स्लाइड पर जब आप मूव करते है तो एनीमेशन इफ़ेक्ट जिन्हे स्लाइड ट्रांजीशन कहा जाता हैं प्राप्त होते हैं। पॉवरपॉइंट 2010 कई प्रकार के स्लाइड ट्रांजीशन जैसे स्टैण्डर्ड फेड, डीजोल्व, कट्स, वाइप इसके अतिरिक्त कई असामान्य ट्रांजीशन जैसे फेरिस व्हील्स और चेक बोर्ड आपको प्रदान करता हैं।



चित्र 11.23: - ट्रांजीशन टैब

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL



चित्र 11.24: - ट्रांजीशन इफ़ेक्ट

ट्रांजीशन टैब पर ट्रांजीशन टू दिस स्लाइड ग्रुप (समूह) में जो ट्रांजीशन आप चाहते है उस पर क्लिक करें।

कई विशेश ट्रांजीशन अप्लाई करने के साथ वर्तमान स्लाइड कैसे दिखती हैं उसका पूर्वावलोकन करने के लिये उस ट्रांजीशन के थंबनेल पर क्लिक करें और अन्य / अतिरिक्त ट्रांजीशन का थंबनेल देखने के लिये थंबनेल की रो(Row) के नेक्स्ट एरो पर क्लिक करे।



चित्र 11.25: - ट्रांजीशन गैलरी

ट्रांजीशन स्पीड को कण्ट्रोल करने के लिये , साउंड एड करने के लिये , प्रेजेंटेशन में सभी स्लाइड्स के लिये एक ही ट्रांजीशन अप्लाई करने के लिये, ट्रांजीशन टू दिस स्लाइड ग्रुप में अदर आप्शन चुन सकते हैं।



चित्र 11.26: - टाइमिंग कण्ट्रोल ग्रुप

त्वरित समीक्षा

- स्लाइड ट्रांजीशन का क्या उद्देश्य हैं और उपयोगकर्ता के लिए यह कैसे लाभदायक हैं ?
- ट्रांजीशन टैब में इफ़ेक्ट ऑप्शन्स के क्या उपयोग हैं ?

11.7 एनीमेशन टैब

एनीमेशन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर फोकस करने के लिये, सूचना के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिये तथा प्रेजेंटेशन में दर्शक की रूचि बढाने के लिये एक अच्छा तरीका हैं। आपकी प्रेजेंटेशन को बेहतर (enhance) करने के लिये पावर पॉइंट कई प्रकार के एनीमेशन प्रदान करता हैं। आपकी पावर पॉइंट 2010 प्रेजेंटेशन को विजुअल इफेक्ट्स जिसमें एंट्रेंस, एग्जिट,साइज़ या कलर में बदलाव और मूवमेंट होने पर शामिल हैं, देने के लिये प्रेजेंटेशन में टेक्स्ट, टेबल , ग्राफ़िक्स और अन्य ऑब्जेक्ट्स

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

को एनिमेट कर सकते है।



चित्र 11.27: - एनीमेशन टैब


एनीमेशन टैब में कंट्रोल्स के चार ग्रुप्स(समूह) विधमान होते हैं जो नीचे दी गई सूची में वर्णित हैं।

- **प्रीव्यू :** -इस समूह में केवल एक मात्र विकल्प हैं –प्रीव्यू बटन | जब सभी एनीमेशन लागू हो जाते है तो प्रीव्यू कमांड पर क्लिक करके वर्तमान स्लाइड का प्रीव्यू देख सकते हैं।

- **एनीमेशन :-** चयनित ऑब्जेक्ट के लिये यह समूह बहुत से पूर्व परिभाषित एनीमेशन को सेलेक्ट करने की सुविधा देता हैं। एनीमेशन समूह के दांयी और अप-रो , डाउन-रो तथा मोर एरो पर क्लिक करके सभी एनीमेशन विकल्प देख सकते हैं। एनीमेशन समूह में प्रत्येक एनीमेशन कमांड के लिए अतिरिक्त एनीमेशन विकल्प "इफ़ेक्ट आप्शन" कमांड प्रदान करता है|

- **एडवांस्ड एनीमेशन:-** इस ग्रुप में मौजूद कंट्रोल्स एनीमेशन समूह के जरिये मुलभुत एनीमेशन के फीचर (features) के साथ कस्टम एनीमेशन निर्मित करने की सुविधा आपको देता हैं। एनीमेशन पैन आपके प्रत्येक एनीमेशन को टाइमिंग समूह (group) के समान मॉडिफाई (modify) करने योग्य सुविधा देता हैं। और स्लाइड पर लागू की हुई एनीमेशन के साथ प्ले किया जा सकता हैं। ऐड एनीमेशन कमांड, एनीमेशन समूह में कमांड के सम्बन्धित टेक्स्ट और ग्राफ़िक्स को एनिमेट करने के लिये सभी एनीमेशन विकल्पों का विजुअल प्रदान करता है।

- **टाइमिंग :** - यह ग्रुप/समूह एनीमेशन की टाइमिंग सेट करने की सुविधा देता है । यह चयनित एनीमेशन की टाइमिंग तथा सीक्वेंस को मॉडिफाई करने की सुविधा देता है। आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि एनीमेशन एक तय समय के बाद या माउस क्लिक करने के बाद ही प्रदर्शित होनी चाहिए।



चित्र 11.28: - एनीमेशन इफ़ेक्ट

स्लाइड एनीमेशन, स्लाइड शो के दौरान टेक्स्ट और ग्राफ़िक्स के एनिमेटेड इफ़ेक्ट निर्मित करता है। जब आप कोई एनीमेशन को सेलेक्ट करते हैं तो इफ़ेक्ट आप्शन (विकल्प) बटन उपलब्ध हो जाता है। उस विशेष एनीमेशन के लिये कुछ अतिरिक्त सेटिंग्स होती है जिसे कॉन्फ़िगर किया जा सकता है। एनीमेशन पैन में एनीमेशन पर दांया क्लिक के द्वारा इफ़ेक्ट आप्शन को आप एक्सेस (Access) कर सकते हैं या रिबन पर इफ़ेक्ट आप्शन को सलेक्ट करके भी एक्सेस (access) कर सकते हैं।

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

पावर पॉइंट 2010 में चार अलग प्रकार के एनीमेशन इफ़ेक्ट होते हैं-

- **एंट्रेंस इफ़ेक्ट :-** यह इफ़ेक्ट यह बताता है की एक ऑब्जेक्ट कैसे स्लाईड में प्रवेश करता है यदि आप कोई एंट्रेंस इफ़ेक्ट स्पेसिफाई (specify) नहीं करते हैं तब स्लाइड पर जिस जगह पर, जिस पोजीशन पर रखा गया है, ऑब्जेक्ट वही से स्टार्ट करता है।

- **एग्जिट इफेक्ट्स :-** यह इफ़ेक्ट यह बताता है की एक ऑब्जेक्ट कैसे स्लाइड से बाहर निकलता है | इस इफ़ेक्ट द्वारा एक ऑब्जेक्ट को स्लाइड से उड़ कर बाहर जाना, दृष्टि से गायब हो जाना, या स्लाइड से स्पाइरल पाथ में बाहर निकलना शामिल है। इस प्रकार के लगभग हर अलग-अलग इफेक्ट्स है।

- **एम्फेसिस इफेक्ट्स : -** इसके द्वारा पहले से मौजूद ऑब्जेक्ट पर ध्यान आकर्षित किया जा सकता है। इस इफेक्ट्स के उदाहरण जैसे ऑब्जेक्ट की साइज़ को बढ़ाना या घटाना , कलर में बदलाव, या सेण्टर पर श्रिंक(shrink) होना शामिल है|

- **मोशन पाथ:-** आप इस इफ़ेक्ट का उपयोग एक ऑब्जेक्ट को ऊपर या निचे ले जाने, बांये या दांये करने, या एक स्टार या सर्कुलर पैटर्न (और भी कई इफेक्ट्स है) बनाने में कर सकते हैं। जब ऑब्जेक्ट एनिमेट किया जाता है तो ऑब्जेक्ट के चारों ओर एक ट्रैक (पाथ) बनाने की यह आपको अनुमति देता है।

आप किसी एनीमेशन को अकेले या मल्टीप्ल इफेक्ट्स को साथ-साथ एकजुट कर उपयोग में ले सकते हैं। एक एनीमेशन इफ़ेक्ट को अप्लाई(लागू) करने के लिए पहले जिस टेक्स्ट बॉक्स को एनिमेट करना है उसको सेलेक्ट करें। उसके बाद एनीमेशन टैब पर एनीमेशन गैलरी से एनीमेशन स्टाइल को चुनें।

टेक्स्ट या ऑब्जेक्ट के लिए एनीमेशन ऐड (जोड़ने) करने के लिए निम्न करें:-

- एनीमेशन टैब पर, एनीमेशन ग्रुप में गैलरी से एक एनीमेशन इफेक्ट पर क्लिक करें|
- जिस टेक्स्ट या ऑब्जेक्ट को एनिमेट करना है, उसको सेलेक्ट करें।
- आपके द्वारा चयनित टेक्स्ट कैसे एनिमेट हुआ है, इसे अल्टर(Alter) करने के लिये इफ़ेक्ट आप्शन पर क्लिक करें और फिर एनीमेशन से आप क्या करना चाहते हैं। उस पर क्लिक करें।
- इफेक्ट्स की टाइमिंग स्पेसिफाई (specify) करने के लिये, एनीमेशन टैब पर टाइमिंग ग्रुप में मौजूद कमांड्स का उपयोग करें।

एनीमेशन पैन का उपयोग करना

एनीमेशन पैन को ओपन करके आप एक स्लाइड पर अप्लाई (लागू) की हुई एनीमेशन की सूची को देख सकते हैं|

एक स्लाइड पर एप्लाइड (लागू) की हुई एनीमेशन के दांयी और एनीमेशन टास्क पैन दिखाई देती है। जो एनीमेशन के बारे में महत्वपूर्ण सूचना प्रदर्शित करती है जैसे इफेक्ट्स का प्रकार, अनेकों इफेक्ट्स का एक दूसरे के साथ क्रम , प्रभावित होने वाले ऑब्जेक्ट का नाम , इफ़ेक्ट का समय |



चित्र 11.29: एनीमेशन पैन

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

एनीमेशन टास्क पैन को प्रदर्शित करने के लिये, एनीमेशन टैब पर एडवांस्ड एनीमेशन ग्रुप में एनीमेशन पैन पर क्लिक करें।

- टास्क पैन में जिस क्रम में एनीमेशन इफेक्ट्स प्ले करते हैं, उसकी संख्या को बताता है।
- टाइम लाइन इफेक्ट्स की अवधि को प्रदर्शित करता है।
- आइकॉन, एनीमेशन इफ़ेक्ट के प्रकार को प्रदर्शित करता है।

कब आपके एनीमेशन को प्ले करना प्रारम्भ करना है, यह आप बदलाव कर सकते हैं। डिफ़ॉल्ट रूप से यह ओन क्लिक (on click) पर है। इसमें बदलाव करने के लिये एनीमेशन पैन में इफ़ेक्ट को सेलेक्ट करें उसके बाद स्टार्ट ड्राप डाउन सूची से कोई एक option चुनें।

उपयोगी जानकारी

टिप - यदि मोशन पाथ , स्लाइड से प्रारम्भ होता है और स्लाइड पर किसी जगह समाप्त हो जाती है। तो मोशन पाथ इफ़ेक्ट एक एंट्रेंस इफ़ेक्ट के समान है। यदि पाथ स्लाइड पर प्रारम्भ होता है लेकिन स्लाइड के बाद समाप्त होता है, मोशन पाथ इफ़ेक्ट एक एग्जिट इफ़ेक्ट की तरह होता है। और यदि पाथ स्लाइड पर प्रारम्भ होता है एवं स्लाइड पर समाप्त होता है तो यह एक एम्फेसिस इफ़ेक्ट के समान है।

त्वरित समीक्षा

- पॉवरपॉइंट 2010 में कितने प्रकार के एनीमेशन इफ़ेक्ट उपलब्ध हैं ?
- एनीमेशन पैन का क्या उपयोग हैं ?

11.8 प्रेजेंटेशन को अंतिम रूप देना

इफेक्टिव प्रेजेंटेशन बनाने के लिए निम्न टिप्स का उपयोग कर सकते हैं।

टिप	उद्देश्य
स्लाइड की संख्या को निम्नतम करना	एक साफ़ सुथरा मेसेज देने के लिए और (श्रोता) audience का ध्यान आकर्षित करने के लिये प्रेजेंटेशन में शामिल स्लाइड्स की संख्या न्यूनतम होनी चाहिए।
उत्तम फॉण्ट साइज़ का चुनाव	श्रोता आपकी स्लाइड को एक दुरी से पढेंगे। सामान्यतया 30 से छोटी फॉण्ट साइज़ श्रोता को देखने की दृष्टि से कठिनाई महसूस होती है।
टेक्स्ट को सिंपल रखना	बुलेट व छोटे वाक्यों का उपयोग करें और टेक्स्ट व्रापिंग (wrapping) के बिना एक वाक्य को एक लाईन में रखने का प्रयत्न करें।
अपने मेसेज को व्यक्त करने के लिये ग्राफ़िक्स का उपयोग करिएँ	श्रोता को याद रखने योग्य प्रेजेंटेशन बनाने के लिये पिक्चर, चार्ट, ग्राफ्स और स्मार्ट आर्ट ग्राफ़िक्स उपयोग करें। टेक्स्ट समरूपता के लिये अर्थपूर्ण आर्ट और मेसेज हम अपनी स्लाइड एड करें।
चार्ट और ग्राफ के लिये उचित लेबल बनायें।	समझने योग्य (Comprehensible) ग्राफ या चार्ट में लेबल तत्व बनाने के लिये पर्याप्त टेक्स्ट का ही उपयोग करें।
एक समान बैकग्राउंड को लागू करना	एक रोचक, एक समान टेम्पलेट या थीम जो कि ज्यादा अंको में चुभने वाला ना हो को ही चुनें।
स्पेल्लिंग एवं ग्रामर चेक करना	अपनी प्रेजेंटेशन में हमेशा स्पेल्लिंग और ग्रामर को चेक करे।

टेबल 11.2 प्रभावी प्रेजेंटेशन बनाने के टिप

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

हैंडआउट्स और स्पीकर नोट्स को प्रिंट करना

आप अपनी प्रेजेंटेशन का प्रिंट या तो स्पीकर नोट्स या हैंड्स आउट के रूप में ले सकते हैं।

- हैंड्सआउट प्रत्येक प्रिंटेड पेज पर 1,2,3,4,6 या 9 स्लाइड्स दिखाता हैं | ऑडियंस को बांटे गए हैंड्सआउट में नोट्स पैन को शामिल नहीं करने की स्थिति में उपयोग में लिए जाने हेतु नियत हैं |

- स्पीकर नोट प्रत्येक प्रिंट किये पेज के उपरी और पर एक स्लाइड शो करता है। साथ ही पेज के बॉटम पर नोट्स पैन के कंटेंट (पाठ्य) के साथ शो करता है। प्रेजेंटेशन के दौरान इस प्रकार के हैंड्सआउट स्पीकर के द्वारा स्क्रिप्ट या आउटलाइन के तौर पर उपयोग में लाये जाते हैं। ये श्रोताओं को वितरित भी किये जा सकते हैं। जिससे कि श्रोता के प्रत्येक सदस्य को प्रेजेंटेशन से संबंधित पूरी सूचना हो।

- हैंड्सआउट प्रत्येक प्रिंट किये गए पेज पर 1, 2, 3, 4, 6 या 9 स्लाइड्स दिखाता है।

त्वरित समीक्षा

- प्रेजेंटेशन में स्पीकर नोट्स प्रिंट करने के क्या स्टेप्स हैं ?

11.9 स्लाइड शो

स्लाइड शो के सेटिंग और प्लेयिंग के लिये पावर पॉइंट में बहुत सारे विकल्प होते हैं। प्रेजेंटेशन मोड में स्लाइड शो को सेटअप करने एवं स्टार्ट के लिये स्लाइड शो टैब उपयोगी है। इसका उपयोग करते हुए आप प्रेजेंटेशन के एक पार्ट को या पूरी प्रेजेंटेशन को देख सकते हैं या प्रदर्शित कर सकते हैं। यह देखने वालों के लिये एक प्रभावी प्रेजेंटेशन का प्लान बनाने में री-हर्सल और स्वचलीकरण करने में भी काफी उपयोगी भी है। विभिन्न समूहों के अन्दर प्रचलित कमांड्स निम्न प्रकार है-



चित्र 11.30: - स्टार्ट स्लाइड शो कण्ट्रोल ग्रुप

स्टार्ट स्लाइड शो ग्रुप: इस समूह(ग्रुप) के अन्दर अधिकतर विकल्प स्लाइड शो देखने हेतु शुरुवात करने और कॉन्फ़िगर करने में मददगार होते है| इस ग्रुप के अन्दर विद्यमान विकल्प निम्न है

- **फ्रॉम बीगिनिंग :** प्रेजेंटेशन की प्रथम स्लाइड से स्लाइड शो शुरू करने के लिये।

- **फ्रॉम करंट (Current) स्लाइड :** प्रेजेंटेशन की वर्तमान में एक्टिव (सक्रीय) स्लाइड से स्लाइड शो शुरू करने के लिये।

- **ब्रॉडकास्ट स्लाइड शो :** रिमोट (दूर बेठे) श्रोता के लिये स्लाइड शो ब्रॉडकास्ट करने के लिये जिससे की वेब ब्राउज़र में श्रोता स्लाइड शो देख सकें।

- **कस्टम स्लाइड शो:** आपके द्वारा चयनित मात्र स्लाइड का स्लाइड शो देखने के लिए प्रयुक्त होता है |

सेटअप ग्रुप : विभिन्न प्रयोजन के लिए आपकी स्लाइड शो को सेटअप करने के लिये विकल्प प्रदान करता है जैसे स्पीकर के द्वारा प्रेजेंटेशन देना,एक व्यक्ति विशेष के द्वारा ब्राउज़िंग या एक कीओस्क पर स्वतः चालित

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

सेटअप स्लाइड शो:- स्लाइड शो के लिये एडवांस विकल्प सेटअप करना

हाईड (hide) स्लाइड:- प्रेजेंटेशन से चयनित या वर्तमान स्लाइड को हाईड(hide) करना।


रीहर्स (Rehearse) टाइमिंग:- फुल स्क्रीन स्लाइड शो प्रारम्भ करना जिससे आप अपनी प्रेजेंटेशन का रीहर्सल कर सकते हैं।



चित्र 11.31: सेट अप कण्ट्रोल ग्रुप

रिकॉर्ड (Record) स्लाइड शो :- स्लाइड शो के दौरान प्लेबैक के लिये ऑडियो नेरेसन (narrations), लेज़र पॉइंटर जेस्चर (gestures) या स्लाइड और एनीमेशन टाइमिंग रिकॉर्ड करना।

मॉनीटर्स ग्रुप: - यह ग्रुप, कैसे यूजर मॉनिटर के ऊपर प्रदर्शित शो को दिखाना चाहता है, इसके लिये विकल्प प्रदान करता है। इसमें काम में लिया गया रेजोल्युसन (resolution), मॉनिटर का उपयोग करने पर प्रेजेंटेशन के प्रदर्शन के लिए स्क्रीन का चुनाव , एक्सटेंडेड मोड में 2 मॉनीटर्स का उपयोग करते हुए प्रेसेंटर व्यू में प्रेजेंटेशन को दिखाने के लिए विकल्प होते हैं।



चित्र 11.32: - स्क्रीन रेसोल्युसन सेटिंग

चित्र 11.33: - मॉनिटर ग्रुप

त्वरित समीक्षा

- क्या आप एक स्लाइड शो के बीच में से बाहर आ सकते हैं? कैसे?
- सेटअप कण्ट्रोल ग्रुप में री-हेर्स टाइमिंग आप्शन (Rehearse Timing option) का उपयोग करने के क्या लाभ हैं?

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

बहुवैकल्पिक प्रश्न

1. एक पावर पॉइंट शो में निम्न में से कौनसा फाइल फॉर्मेट एड किया जा सकता है।

   a. .jpg b. .gif

   c. .wav d. उपरोक्त सभी

2. पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन बहुतायात से उपयोगी है-

   a. टीचर के लिये नोट्स-आउटलाइन की तरह

   b. स्टूडेंट्स के लिये प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन की तरह

   c. प्लानिंग की सूचना के संचार की तरह

   d. उपरोक्त सभी

3. एक स्लाइड शो में स्लाइड्स चेंज होने पर डिस्प्ले के लिये एप्लाइड इफ़ेक्ट है-

   a. स्लाइड एनीमेशन b. कस्टम एनीमेशन

   c. कस्टम ट्रांजीशन d. स्लाइड ट्रांजीशन

4. एक प्रेजेंटेशन के स्लाइड शो को स्टार्ट करने के लिये-

   a. F5 की को दबाना

   b. स्लाइड शो मेन्यु से व्यू शो आप्शन को चुनना

   c. स्लाइडशो मेन्यु से Rehearse Timing को चुनना।

   d. a और b दोनों

5. मोशन पाथ क्या है-

   a. एनीमेशन एंट्रेंस इफ़ेक्ट का एक प्रकार

   b. स्लाइड्स को बढ़ाने का एक तरीका

   c. एक स्लाइड पर आइटम्स को मूव करने की एक विधि

   d. उपरोक्त सभी

6. एक नयी प्रेजेंटेशन किससे बनाया जा सकता है-

   a. ब्लांक प्रेजेंटेशन से

   b. मोजुदा या पूर्व में उपलब्ध प्रेजेंटेशन से

   c. डिजाईन टेम्पलेट से

   d. उपरोक्त सभी

7. प्रेजेंटेशन में विद्यमान सभी स्लाइड का एक जैसा प्रदर्शन चाहने के लिये आप निम्न में से क्या उपयोग करेंगे।

   a. स्लाइड लेआउट विकल्प

   b. स्लाइड आप्शन एड करना

   c. आउटलाइन व्यू

   d. प्रेजेंटेशन डिजाईन टेम्पलेट

8. एक नयी प्रेजेंटेशन बनाने के लिये निम्न के अलावा क्या करेंगे-

   a. स्टैण्डर्ड टूल बार पर न्यू बटन पर क्लिक करना

   b. File, new पर क्लिक

   c. File, ओपन पर क्लिक

   d. Ctrl + N प्रेस करना

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL

बहुवैकल्पिक प्रश्न

9. किस टैब से आप पिक्चर टेक्स्ट बॉक्स, चार्ट इत्यादि इन्सर्ट कर सकते हैं

a. फाइल

b. एडिट

c. इन्सर्ट

d. व्यू

10. पावर पॉइंट में पहले से ही इन्सर्ट इमेज को एडिट करने पर क्या घटित होता है-

a. स्रोत फाइल जो पहले से इन्सर्ट की हुई थी, चेंज नहीं होती

b. स्रोत फाइल जो पहले से इन्सर्ट की हुई थी, चेंज होती है।

c. जब आप प्रेजेंटेशन को सेव करते हैं स्रोत फाइल चेंज हो जाती है।

d. उपरोक्त में से कोई नहीं

ध्र लर्निंग पर आधारित
New
RS-CIT
एक परिपूर्ण कंप्यूटर कोर्स !
www.rkcl.in

© Only for circulation through authorised IT Gyan Kendra of RKCL